| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 65. श्री एम० आर० यागी | 1–10–80 | |
| 66 श्री एम० एल० ओबराय | 1–1–73 | |
| 67. श्री जी० पी० भट्ट | सेवानिवृत्त हो चुके है । | |
| 68. श्री ओ० पी० भारद्वाज | पदोन्नत तथा सेवानिवृत्त हो चुके है । | |
| 69. श्रीमती सी० भोरिया | पदोन्नत हो चुकी है । | |

**केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग का तकनीकी स्टाफ**

1677. **श्री योगेन्द्र शर्मा** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय। वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के तकनीकी स्टाफ को केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा में शामिल करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है तथा इस पर कब तक अंतिम निर्णय ले लिये जाने की संभावना है ?

**शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती शीला कौल)** : (क) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग के तकनीकी कर्मचारियों को केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा में शामिल करने का प्रश्न, इन दो कार्यालयों के स्तर को मंत्रालय के अधीनस्थ से संलग्न कार्यालयों तक बढ़ाने के प्रस्ताव से सम्बन्धित है।

(ख) इन कार्यालयों के स्तर को बढ़ाने से सम्बन्धित प्रस्ताव को सरकार द्वारा अनुमोदित किये जाने के बाद ही ब्यौरे तैयार किये जायेंगे ।

**वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के अध्यक्ष तथा सचिव के पदों का भरा जाना**

1678. **श्री योगेन्द्र शर्मा** : क्या शिक्षा मंत्री 22 अप्रैल, 1981 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 259 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अध्यक्ष और सचिव के पदों को भर लिया गया है ;

(ख) यदि नहीं, तो इस सम्बन्ध में विलम्ब के क्या कारण है ; और

(ग) ये पद कब तक भर लिये जायेंगे ?

**शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्रीमती शीला कौल)** : (क) जी, नही ।

(ख) और (ग) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अध्यक्ष और सचिव के पदों पर भर्ती आयोग द्वारा अब तक किये गये कार्य के मूल्यांकन पर निर्भर करेगी । मूल्यांकन का कार्य अब लगभग पूरा होने वाला है।